| |
|---|
| दिनांक 16.02.2025 |
| प्रेस विज्ञप्ति 18/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**<u>जनपद मुजफ्फरनगर/थाना कोतवाली नगर</u>**

- **लूट की घटना का अनावरण**
- **पुलिस कार्यवाही में 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 39 हजार 800 रूपये नगद**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) आदि बरामद**

दिनांक 15.02.2025 को थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर न्याजूपुरा–चरथावल मार्ग पर तिराहे के पास बदमाशों की घेराबन्दी की गई तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–शहाबाज 2–फरमान घायल हो गये, जिन्हे गिरफ्तार कर लूट की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के 39 हजार 800 रूपये नगद, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) आदि बरामद हुए। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 06.02.2025 को थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया लूट की घटना से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त शहाबाज के विरूद्ध जनपद मेरठ, मुजफ्फरनगर के विभिन्न थानो में लूट, चोरी, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 06 अभियोग एवं अभियुक्त फरमान के विरूद्ध जनपद मेरठ, मुजफ्फरनगर के विभिन्न थानो में लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 17 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–शहाबाज निवासी बनबटान थाना देहली गेट जनपद मेरठ, हालपता बुढ़ाना रोड़ थाना खतौली जनपद मुजफ्फरनगर।

2–फरमान निवासी कस्बा व थाना खालापार जनपद मुजफ्फरनगर।

**बरामदगी**

1–लूट के 39 हजार 800 रूपये नगद।

2–02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

3–01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) आदि।

**जनपद हाथरस/थाना सादाबाद**

- **लूट की घटना का अनावरण**
- **पुलिस कार्यवाही में 04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के पीली धातु के (600 ग्राम)–सफेद धातु के (200 ग्राम) के आभूषण**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 16.02.2025 को थाना सादाबाद व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मडनई से मथुरा रोड पर बदमाश की घेराबन्दी की गई तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–फरहान घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 2–वैभव 3–इलफाज उर्फ सैजू 4–आदर्श सहित गिरफ्तार कर लूट की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के पीली धातु के (600 ग्राम)–सफेद धातु के (200 ग्राम) के आभूषण, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 14.02.2025 को थाना सादाबाद क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना सादाबाद पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण आदि लूट की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना सादाबाद पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—फरहान निवासी कोठीद्वार थाना सादाबाद जनपद हाथरस।

2—वैभव निवासी चामडवाला थाना सादाबाद जनपद हाथरस।

3—इलफाज उर्फ सैजू निवासी व्यापारियान थाना सादाबाद जनपद हाथरस।

4—आदर्श निवासी रतनपुरी थाना सादाबाद जनपद हाथरस।

**बरामदगी**

1—लूट के पीली धातु के (600 ग्राम)—सफेद धातु के (200 ग्राम) के आभूषण।

2—02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि।

## जनपद फिरोजाबाद/थाना नगला खंगर

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 15.02.2025 को थाना नगला खंगर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम गड़िया पंचवटी अण्डरपास के पास चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाश को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त राहुल उर्फ कन्हैया घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, 01 मोटर साइकिल बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद फिरोजाबाद के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, लूट, चोरी, धोखाधड़ी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 16 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना नगला खंगर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–राहुल उर्फ कन्हैया निवासी नगला धनपाल थाना नगला खंगर जनपद फिरोजाबाद।

**बरामदगी**

1–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

2–01 मोटर साइकिल।

## कमिश्नरेट आगरा/थाना सिकंदरा

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की (पीली–सफेद) धातु के आभूषण**
- **चोरी के माल बिक्री के 32 हजार रूपये नगद आदि बरामद**

दिनांक 15.02.2025 को थाना सिकंदरा व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर यूपीएसआई डीसी रोड से शास्त्रीपुरम की तरफ जाने वाले रास्ते से 02 अभियुक्तों 1–इन्दल 2–विजय को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की (पीली–सफेद) धातु के आभूषण, चोरी के माल बिक्री के 32 हजार रूपये नगद आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 08.12.2024 को थाना सिकंदरा क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना सिकंदरा पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से

बरामद आभूषण, रूपया चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त इन्दल के विरूद्ध जनपद बरेली, कमिश्नरेट आगरा व राजस्थान प्रान्त के विभिन्न थानो में चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 14 अभियोग एवं अभियुक्त विजय के विरूद्ध जनपद मथुरा, कमिश्नरेट आगरा व राजस्थान प्रान्त के विभिन्न थानो में डकैती, चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 25 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना सिकंदरा पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—इंदल निवासी रायवा छोटी पाटी थाना अछनेरा कमिश्नरेट आगरा।

2—विजय निवासी मुच्चा नगरिया थाना अहिरवा कटरा जनपद औरैया।

**बरामदगी**

1—चोरी की (पीली—सफेद) धातु के आभूषण।

2—चोरी के माल बिक्री के 32 हजार रूपये नगद आदि।

## जनपद कुशीनगर/थाना पटहेरवा

- **05 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **धोखाधड़ी के माल बिक्री के 20 लाख 40 हजार रूपये नगद**
- **धोखाधड़ी के 273 टीन सफारी रिफाइन्ड सोयाबीन आयल**
- **घटना में प्रयुक्त 01 ट्रक बरामद**

दिनांक 16.02.2025 को थाना पटहेरवा व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर 05 अभियुक्तों 1—शशि कुमार 2—टुन्ना 3—मुकेश 4—मो0इजहार 5—कलीमुल्ला को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से धोखाधड़ी के माल बिक्री के 20 लाख 40 हजार रूपये नगद, धोखाधड़ी के 273 टीन सफारी रिफाइन्ड सोयाबीन आयल, घटना में प्रयुक्त 01 ट्रक बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जो व्यापारियों का माल उनके गंतव्य स्थान पर ले जाने के नाम पर ट्रक पर लाद कर उसे रास्ते में बेच देते है तथा ट्रक को कटवा कर लूट/चोरी का रूप देकर धोखाधड़ी की घटना करते हुए इंश्योरेंस का भी लाभ प्राप्त कर, अवैध रूप से धन अर्जित करते है।

इस सम्बन्ध में थाना पटहेरवा पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–शशि कुमार निवासी कोरेया थाना भोरे जनपद गोपालगंज बिहार।

2–टुन्ना निवासी बसौनापुर थाना गोपालपुर जनपद गोपालगंज बिहार।

3–मुकेश निवासी माड़ीपुर थाना फुलवरिया जनपद गोपालगंज बिहार।

4–मो0इजहार निवासी देवना थाना बरौनी जनपद बेगूसराय बिहार।

5–कलीमुल्ला निवासी मदारपुर थाना लकड़ी नबीगंज सिवान बिहार।

**बरामदगी**

1–धोखाधड़ी के माल बिक्री के 20 लाख 40 हजार रूपये नगद।

2–धोखाधड़ी के 273 टीन सफारी रिफाइन्ड सोयाबीन आयल।

3–घटना में प्रयुक्त 01 ट्रक।

## एएनटीएफ/आपरेशनल यूनिट वाराणसी

- **मादक पदार्थ की तस्करी कर रहा अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 03 करोड़ रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 505 ग्राम अवैध कोकीन**
- **नगद रूपये, 02 मोबाइल फोन**
- **01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 15.02.2025 को आपरेशनल यूनिट वाराणसी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सैन्ट मेरी स्कूल के पास थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी के पास से मादक पदार्थ की तस्करी कर रहे अभियुक्त कृष्ण मोहन को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 03 करोड़ रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 505 ग्राम अवैध कोकीन, नगद रूपये, 02 मोबाइल फोन, 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–कृष्ण मोहन निवासी खजूरी गोला पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

**बरामदगी**

1–लगभग 03 करोड़ रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 505 ग्राम अवैध कोकीन।

2–नगद रूपये, 02 मोबाइल फोन।

3–01 मोटर साइकिल आदि।

––––––